सरपंच की दबंगई | ग्राम रेऊला में मत्स्य पालन अनुबंध के बावजूद तालाब की मछली बेचने का लगा आरोप

# गरीब पर रोजी-रोटी का संकट



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेऊला में शासन से वैध अनुबंध के तहत मत्स्य पालन कर रहे ग्रामीण की मेहनत पर ग्राम सरपंच की दबंगई भारी पड़ गई। ग्रामवासी ननका ढीमर ने जनपद अनूपपुर सीईओ को लिखित शिकायत सौंपकर ग्राम सरपंच शुकुल सिंह पर तालाब की मछलियां जबरन निकलवाने, बेचने और मत्स्य पालन से रोकने का गंभीर आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसने वर्ष 2021 में आवेदन देकर शक्तिकुंड तालाब खसरा नं. 83/1, रकवा 1.000 हेक्टेयर पर मत्स्य पालन के लिए अनुबंध कराया था, जिसे 2022 से 2031 तक के लिए कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया था। अनुबंध के तहत पहले वर्ष की लीज राशि 500 रुपये पंचायत में रसीद सहित जमा भी की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि उसने बैंक से लोन लेकर मछली बीज और चारा की व्यवस्था की और डेढ़ साल तक कड़ी मेहनत की, लेकिन रंजिशवश सरपंच द्वारा कुछ दबंगों के साथ मिलकर तालाब की मछलियां बाजार में बेच दी गईं और कुछ को गांव में बांट दिया। विरोध करने पर सरपंच ने कहा इसका पट्टा निरस्त कर दिया गया है, जो करना है कर लो।

### पंचायत सचिव निराकरण सुनिश्चित करे : शुक्ला

पत्र में कहा गया कि लीज राशि जमा करवाई जाए और अनुबंध के अनुसार स्वतंत्र रूप से मत्स्य पालन की अनुमति दी जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रक्रिया में किसी प्रकार का अवरोध न उत्पन्न हो। मामले की जानकारी मिलने पर सहायक संचालक, मत्स्य विभाग अनूपपुर संदीप शुक्ला ने भी त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया और पंचायत सचिव को फोन पर निर्देश देकर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा : ननका

ननका ढीमर ने बताया कि उसके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन यही तालाब था। अगर यही रोजगार छिन गया, तो वह न केवल बैंक का लोन चुका पाने में असमर्थ रहेगा, बल्कि परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा। घटना से उसका परिवार मानसिक रूप से भी बेहद आहत है। शिकायत के आधार पर जनपद अनूपपुर ने रेऊला पंचायत के सरपंच और सचिव को पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया कि तालाब का पट्टा वैध रूप से ननका ढीमर को प्रदान किया गया है।

### इनका कहना है

शक्तिकुंड तालाब का पट्टा कलेक्टर अनुमोदन से जारी किया गया है। कलेक्टर के अलावा कोई इसे निरस्त नहीं कर सकता।


**संदीप शुक्ला**
**सहायक संचालक, मत्स्य विभाग अनूपपुर**

# नवागत सीईओ ने किया पदभार ग्रहण



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जनपद अनूपपुर में प्रशासनिक दायित्वों में बदलाव के क्रम में 28 जुलाई को रवि ग्वाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण किया। वे पूर्व सीईओ उषा किरण गुप्ता के स्थान पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पदभार ग्रहण के दौरान जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत रोजगार सहायकों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रोजगार सहायक संघ की ओर से चंद्रभान यादव, राजेश गुप्ता, अमित गुप्ता सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य इस स्वागत समारोह में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने नए सीईओ से जनपद में योजनाओं के कुशल संचालन, पारदर्शिता एवं ग्राम स्तर पर प्रशासन की सक्रियता बनाए रखने की अपेक्षा जताई।





# कोदैली के मिडिल स्कूल की हालत जर्जर

▸ **नया भवन स्वीकृत करने की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जिले के जैतहरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोटेली के मिडिल स्कूल की हालत जर्जर हो चुकी है। वर्ष 2007-08 बने विद्यालय भवन की दीवारें और छतें अब खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी हैं। छत से पानी टपक रहा है और प्लास्टर गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे विद्यार्थियों की जान को प्रतिदिन खतरा बना हुआ है।

विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक प्राथमिक कक्षाओं का भी संचालन होता है, लेकिन सीमित कक्षाओं में अधिक छात्र संख्या और भवन की जर्जर स्थिति के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब बच्चों को भीगते हुए पढ़ाई करनी पड़ती है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम कोदैली के नागरिकों ने विद्यालय शिक्षिका खल्ली बाई डोंगरे के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम कोदैली में नवीन मिडिल स्कूल भवन शीघ्र स्वीकृत किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित और सुचारु रूप से हो सके।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन सौंपने वालों में स्मीताला भगत, चंद्री दुर्गा, बुधा यादव, अनिल, सुनील, मोतीलाल पटेल सहित कई जागरूक ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शिक्षा के अधिकार की भावना के अनुरूप बच्चों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्राम कोदैली का यह मामला न सिर्फ शिक्षा बल्कि बच्चों की सुरक्षा से भी जुड़ा है, जिस पर त्वरित निर्णय की आवश्यकता है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को मिली नई ऊर्जा

▸ **बरबसपुर विद्यालय में आयोजित किया गया पौधरोपण एवं सम्मान समारोह**



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर में महिला सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवानी पंचोली तथा विशिष्ट अतिथि जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी मंजूशा शर्मा और महिला बाल विकास सुपरवाइजर मीना सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बेसाहू लाल रौतेल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कुल 25 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्र एवं विज्ञान और कला प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक तारा केवट सहित रामकुमार राठौर, अर्चना त्रिपाठी, इंद्रपाल वर्मा, रेणुका शर्मा, प्रतिभा चतुर्वेदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजवती कोल, सकुन रजक तथा सीतापुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता दुबे का योगदान रहा।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

आयोजन में बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाओं, विद्यालय एवं आंगनवाड़ी के बच्चों और अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम ने जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सशक्त बनाते हुए बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायी पहल की। समापन पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और विद्यालय के समर्पित शिक्षकों की सराहना की गई।

# छात्रवृत्ति के लिए ओटीआर रजिस्ट्रेशन 30 तक

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यह नियम कक्षा 9वीं से लेकर कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत उन विद्यार्थियों पर लागू होगा, जो केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले रहे हैं और जिनके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से कम है। वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ओटीआर पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है, अन्यथा छात्रवृत्ति की प्रक्रिया में छात्र को शामिल नहीं किया जा सकेगा। प्रशासन के अनुसार विद्यार्थी को एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त होने के बाद भविष्य में अगली कक्षाओं में भी इसी नंबर से छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता रहेगा।

# चंदेरिया आभूषण विश्वास और भरोसे का प्रतीक

▸ **सोने और चांदी के आभूषणों के व्यवसाय में पूरे किए सफलता के 25 वर्ष**



**कोतमा नवभारत।** कोतमा नगर का प्रतिष्ठित संस्थान चंदेरिया आभूषण जो विश्वसनीय सोने चांदी के आभूषणों के व्यवसाय में ग्राहकों के भरोसे व विश्वास के साथ अपने 25 वर्ष पूरे कर सिल्वर जुबली के पायदान पर आगे बढ़ रहा है। जमुना कोतमा क्षेत्र सहित समूचे शहडोल संभाग, धनपुरी, बुढार, केशवाही सहित बिजुरी राजनगर, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, मरवाही, पेंड्रारोड में अपनी विश्वसनीयता को लेकर ग्राहकों में लोकप्रिय संस्थान बन गया है।

यहां ग्राहकों को अपनी खरीदी में संतुष्टि व भरोसा मिलता है, क्योंकि हर ज्वेलरी में हॉलमार्क के साथ उस ज्वेलरी का गारंटी कार्ड भी ग्राहकों को मिलता है, जिसमें यह प्रमाणित रहता है कि किस कैरेट का सोना ग्राहकों ने खरीदा है, साथ ही बनवाई फ्री करने से ग्राहकों को खरीदी में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त बचत भी होती है।

### बनवाई फ्री करने पर ग्राहकों को मिलता है लाभ : संचालक

चंदेरिया आभूषण के संचालक दीपक चंदेरिया ने एक उदाहरण देते हुए यह बात कही कि यदि आप चंदेरिया आभूषण से किसी सोने के ज्वेलरी की खरीदी करते है तो उसका 22 कैरेट का अनुमानित बाजार भाव 97000/- है और उस पर 3 प्रतिशत जीएसटी लगाकर बनवाई फ्री करने पर वह आभूषण 1 लाख का पड़ता है, वहीं अन्य स्थानों पर यही आभूषण 22 कैरेट का अनुमानित बाजार भाव 92000/- होने पर भी उसपर 3 प्रतिशत जीएसटी लगाकर बनवाई 10 से 15 प्रतिशत बनवाई जोड़ने पर वह आभूषण 1 लाख 5 हजार का पड़ता है, जिससे अन्य स्थानों की अपेक्षा चंदेरिया आभूषण में 5000 से 7000 हजार रुपयों की ग्राहकों की बचत होती हैं।

### चांदी व सोने की राखी की नई डिजाइन उपलब्ध

चंदेरिया आभूषण के संचालक दीपक चंदेरिया ने कहा कि पहले डायमंड की ज्वेलरी में सर्टिफिकेट दिया जाता था। हमारे संस्थान में जो आज हर सोने के आभूषण के साथ दिया जाता है। दीपक चंदेरिया ने भाई और बहनों के विश्वास और अटूट भरोसे के त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर ग्राहकों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही कि त्यौहार को लेकर चांदी व सोने की राखी की एक से एक नई डिजाइन चंदेरिया आभूषण में उपलब्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि और भरोसा संस्थान की मुख्य जमा पूंजी है, जिस पर हमेशा खरा उतरने के लिए संस्थान वचनबद्ध है।



# महिलाएं हर कार्य निष्ठा से करती हैं : सिंह

▸ **जमुना कॉलरी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं संगोष्ठी का आयोजन**

**अनूपपुर, नवभारत।** जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सोमवार को जमुना कॉलरी में नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं कोई कार्य करती हैं, तो उसे पूरी निष्ठा से निभाती हैं। पौधों की देखभाल वे अपने बच्चों की तरह करेंगी और यही समर्पण पर्यावरण संरक्षण में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को 11 बीज रोपण थैलियां एवं पौधे वितरित किए गए, ताकि वे अपने घरों एवं मोहल्लों में पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने में योगदान दे सकें। इस अवसर पर नवांकुर संस्था पसान के पदाधिकारी, परामर्शदाता, नगर विकास प्रस्फुटन समिति भालूमाड़ा, जमुना एवं पसान के सदस्यगण, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं तथा नवांकुर सखियां उपस्थित रहीं।

# ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

▸ **स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित**



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माया विश्वलाल के निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिले के ग्राम निदावन, बकानटोला एवं खम्हरिया के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश, सचिव विनोद कुमार वर्मा द्वारा बच्चों को उनके अधिकारों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समग्र विकास से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कानूनी उपायों की भी जानकारी दी और बताया कि इन समस्याओं की रोकथाम के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### पौधा रोपण किया गया

शिविर के अंत में ग्राम निदावन एवं ग्राम बकानटोला के विद्यालय परिसरों में पंच-ज अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस जागरूकता शिविर में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल, पैरालीगल वॉलंटियर, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने हाथियों के आतंक की विधानसभा में उठाई आवाज



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह ने जनहित के दो अहम मुद्दों को लेकर मध्य प्रदेश विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने जिले में लगातार हो रहे हाथियों के प्रवास से उत्पन्न जनहानि और संपत्ति नुकसान को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए स्थायी समाधान की मांग की, साथ ही जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण के लिए अब तक राशि स्वीकृत न होने पर सरकार को घेरा। विधायक बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 वर्षों से छत्तीसगढ़ के जंगलों से हाथियों का जिला अनूपपुर में लगातार प्रवास हो रहा है, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों द्वारा फसलें, घर, अनाज और संपत्ति नष्ट की जा रही है, जिससे ग्रामीणों का जीवन संकट में है। उन्होंने कहा कि लोग जान बचाने के लिए पेड़ों पर रात बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम चोई में हाल ही में हाथी ने रामपाल राठौर 39 वर्ष की जान ले ली, जबकि बचहा गांव में पहले भी एक युवक की मृत्यु हो चुकी है।



# नशा मुक्त समाज सशक्त होता है : एसपी

▸ **नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित**



**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल परिसर अनूपपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा मुक्त जीवन के लिए परिवार और समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज एकजुट होकर प्रयास करे तो नशे को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। खेल जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का संचार करता है तथा युवाओं को सही दिशा देता है। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में संतोषी क्लब जैतहरी ने प्रथम स्थान, तहसील क्लब जैतहरी ने द्वितीय तथा कोयलांचल क्लब राजनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में कोयलांचल क्लब राजनगर प्रथम और तहसील क्लब जैतहरी द्वितीय स्थान पर रही।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी इसरार मंसूरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, जिला वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद शहडोल संभाग अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा तथा प्रभारी रक्षित निरीक्षक विनोद दुबे उपस्थित रहे। संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ग्रामीण युवा समन्वयक (विकासखंड जैतहरी) एवं नेशनल रेफरी द्वारा किया गया।

राहत | सैकड़ों ग्रामीणों के घर, खेत और बाड़ियों को पहुंचाया नुकसान, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# 46 दिन बाद छत्तीसगढ़ लौटे हाथी, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ से भटके चार जंगली हाथियों के दल ने बीते 46 दिनों से मध्यप्रदेश के अनूपपुर सहित डिंडौरी, उमरिया और शहडोल जिलों में भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने सैकड़ों ग्रामीणों के घरों, खेतों और बाड़ियों में घुसकर तोड़फोड़ की और फसलों को चट कर डाला। मंगलवार को यह दल अंततः छत्तीसगढ़ के मरवाही क्षेत्र में वापस लौट गया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। हाथियों का यह दल 14 जून को जैतहरी क्षेत्र के चोलना वन बीट से अनूपपुर जिले में प्रवेश किया था। इसके बाद हाथियों ने जैतहरी, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम सहित आसपास के गांवों में आंतक मचाया। पिछले पांच दिनों से हाथी विशेष रूप से चोई और पड़रिया गांवों में सक्रिय रहे, जहां उन्होंने रात के समय ग्रामीणों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

### रात में हमला, दिन में जंगल में डेरा

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हाथी दिन के समय जंगलों में छिपे रहते थे और रात होते ही भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख करते थे। घरों के अंदर घुसकर अनाज खा जाते थे और खेतों में लगी फसल को रौंद देते थे। कई ग्रामीण अपने परिवार के साथ सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए थे। हाथियों की वजह से पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ था।

### सर्वे कर तैयार किए गए राहत प्रकरण

राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कर राहत प्रकरण तैयार किया गया है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में हुए नुकसान की भरपाई आज तक नहीं हो पाई है और राहत राशि बेहद कम मिलती है। उन्होंने शीघ्र और उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

हाथियों के हमले और किसानों को हुए नुकसान के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने और वन्य प्रबंधन को सशक्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रियाज अहमद, पार्षद दीपक शुक्ला, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष रजन कुमार राठौर आदि उपस्थित रहे।



# सीईओ ने की 78 मामलों की सुनवाई

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुआ। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने की। इस दौरान कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी उन्होंने विस्तार से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी, एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में ग्राम मेड़ियारास के विनोद प्रजापति ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाने की मांग, ग्राम ऊरा (कोतमा) के रामशरण महरा ने पट्टे की भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, ग्राम चोई (जैतहरी) के रमाशंकर पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग रखी। अधिकारियों ने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।